# वर्णनात्मक प्रश्न

**1. किसी प्रसिद्ध समाचार पत्र के कार्यालय में पत्रकार के पद के लिए आवेदन करने हेतु 80 शब्दों में अपना स्ववृत्त लेख प्रस्तुत कीजिए।**

**[Practice Paper-2 2023]**

**उत्तर :** सेवा में,

संपादक महोदय,

दैनिक जागरण,

विद्याश्रम मार्ग, जयपुर

**विषय :** पत्रकार पद के लिए आवेदन पत्र।

महोदय,

आज दिनांक 13 जून, 2022 के दैनिक जागरण में प्रकाशित विज्ञापन से पता चला कि आपके कार्यालय में पत्रकार की आवश्यकता है। इस पद के लिए मैं अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। मेरा स्ववृत्त इस आवेदन पत्र के साथ संलग्न है। आपके विज्ञापन में वर्णित सभी योग्यताओं को मैं पूरा करता हूँ। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मैं अपना कार्य पूर्ण निष्ठा से करूँगा। मेरा संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| नाम: | वैभव अग्रवाल |
| पिता का नाम: | राम अग्रवाल |
| माता का नाम: | सुनीता अग्रवाल |
| जन्मतिथि: | 14 जुलाई, 1992 |
| वर्तमान पता: | 23, मोहक विला, पत्रकार कॉलोनी |
| मोबाइल: | 20000546XX |
| ई-मेल: | vaibhav@yahoo.com |

## शैक्षणिक योग्यता

| क्रम संख्या | कक्षा | वर्ष | विद्यालय/बोर्ड | विषय | उत्तीर्ण/प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दसवीं | 2006 | अजमेर बोर्ड | हिंदी, अँग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित, संस्कृत | 82% |
| 2. | बारहवीं | 2008 | अजमेर बोर्ड | हिंदी, अँग्रेजी, संस्कृत अर्थशास्त्र, इतिहास | 96% |
| 3. | स्नातक | 2011 | राजस्थान विश्वविद्यालय | हिंदी, अँग्रेजी, संस्कृत | 79% |
| 4. | परास्नातक | 2012 | राजस्थान विश्वविद्यालय | हिंदी | 83% |
| 5. | पत्रकारिता | 2014 | राजस्थान विश्वविद्यालय | पत्रकारिता | 89% |

## अन्य योग्यताएँ

- कम्प्यूटर में 1 वर्ष का डिप्लोमा
- हिंदी अँग्रेजी भाषा की जानकारी।

## उपलब्धियाँ

- विद्यालय स्तर पर लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार
- निबन्ध प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर द्वितीय पुरस्कार
- वाद-विवाद प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार

आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मेरे आवेदन पत्र पर सकारात्मक विचार करते हुए मुझे पत्रकार पद पर नियुक्त करने की कृपा करें।

धन्यवाद

भवदीय

हस्ताक्षर

वैभव अग्रवाल

दिनांक: X/XX/XXXX